संख्या-70/2021/2074ई-2/तेरह-2021-230798

प्रेषक,

उमेश कुमार तिवारी,
उप सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

आबकारी आयुक्त,
उत्तर प्रदेश,
प्रयागराज।

आबकारी अनुभाग-2 लखनऊः दिनांकः 26 अक्टूबर,2021

विषय- मेसर्स बजाज हिन्दुस्तान शुगर लि., रूधौली आसवनी,जनपद बस्ती को केन जूस/शुगर सीरप से एथनॉल का उत्पादन के संबंध में ।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अपने पत्र सं.-जी-60/दो-प्रा.डी.-108 दिनांक 07 अक्टूबर ,2021 का कृपया संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें।

2. इस संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि आपके उपर्युक्त पत्र द्वारा उपलब्ध कराये गये प्रस्ताव/संस्तुति पर सम्यक विचारोपरान्त राज्य के औद्योगिक एवं राजस्व हितमें मेसर्स बजाज हिन्दुस्तान शुगर लि., रूधौली आसवनी,जनपद बस्ती को शीरे के अतिरिक्त केन जूस / शुगर सीरप से एथनॉल का उत्पादन किये जाने की अनुमति इस शर्त के साथ प्रदान की जाती है कि आसवक द्वारा केन जूस / शुगरसीरप से एथनॉल का उत्पादन किये जाने से पूर्व उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से शीरे एवं शुगर सीरप के साथ - साथ केन जूस से भी एथनॉल निर्माण किये जाने हेतु अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त किया जायेगा तथा आयुक्त,गन्ना एवं चीनी, उत्तर प्रदेश के पत्र दिनांक 22-09-2021 द्वारा जिन शर्तो/ प्रतिबन्धों के साथ गन्ने के रस एवं शुगर सीरप से सीधे एथनॉल/अल्कोहल उत्पादन करने हेतु अनापत्ति इकाई को निर्गत की गयी है का अनुपालन भी इकाई को करना होगा। उक्त के अतिरिक्त आसवक को निम्नलिखित शर्तो का भी अनुपालन करना होगा:-

(1) इकाई द्वारा गुड मैन्युफैक्चरिंग प्रैक्टिसेज (जी.एम.पी.)का अनुपालन करते हुए अल्कोहल उत्पादन का कार्य सुनिश्चित किया जाएगा।

(2) भारत सरकार तथा प्रदेश सरकार द्वारा निर्धारित सम्बन्धित समस्त आवश्यक पर्यावरणीय व अन्य सांविधिक शर्तें।

(3) आसवक द्वारा केन जूस /शुगर सीरप से एथनॉल का उत्पादन किये जाने से पूर्व उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से शीरे एवं शुगर सीरप के साथ - साथ केन जूस सीरपसे भी एथनॉल निर्माण किये जाने हेतु अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त किया जाना हो

कृपया तदनुसार आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित कराने का कष्ट करें।

भवदीय,

(उमेश कुमार तिवारी)
उप सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in